# लापरवाही पर ट्रांसफर नहीं डिमोशन होगा

▶ ऑनलाइन समीक्षा के दौरान ऊर्जा मंत्री ने दिये निर्देश



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 जनवरी. समाधान योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि नहीं प्राप्त होने तथा कार्य में लापरवाही पर अधिकारियों का ट्रांसफर नहीं डिमोशन किया जायेगा.**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात समाधान योजना की प्रगति की ऑनलाइन समीक्षा के दौरान कही. उन्होंने कहा कि रबी सीजन में किसानों को हर हाल में 10 घंटे की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें. मंत्री तोमर ने सर्किलवार योजना की प्रगति की समीक्षा की. इस दौरान तोमर ने कहा कि समाधान योजना में जो सर्किल सबसे अच्छी उपलब्धि अर्जित करेगा, उसके अधीक्षण यंत्री को 50 हजार रूपये का इनाम दिया जायेगा. कंपनी क्षेत्र के तहत प्रथम सर्किल को 25 हजार रूपये और सर्वश्रेष्ठ सहायक यंत्री को 11 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा. संबंधित के गोपनीय चरित्रावली में भी इसकी इंट्री की जायेगी. **2 लाख से अधिक के बकायादारों से सीई, एसई बात करें:** ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के 2 लाख रूपये से अधिक के बिजली बिल बकाया हैं, उनसे मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता स्वयं बात करें. इसका डिटेल मंत्री कार्यालय को भी दें. उन्होंने कहा कि प्रथमत: बड़े बकायादारों से सख्ती से वसूली करें. कंपनी की आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए यह कार्य जरूरी है. वरिष्ठ अधिकारी लगातार फील्ड का भ्रमण करें.

### ▶ अभी तक जमा हुये 578 करोड़ रूपये

समाधान योजना में अभी तक 578 करोड़ 22 लाख रूपये जमा हुए हैं. बिजली उपभोक्ताओं के 264 करोड़ 17 लाख रूपये के सरचार्ज माफ किये गए हैं. सर्वाधिक 382 करोड़ 72 लाख रूपये मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के क्षेत्र में जमा हुए हैं. योजना का प्रथम चरण 31 जानकारी तक चलेगा. सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले ने कहा कि लंबित बिजली बिल जमा नहीं करने वालों के बिजली कनेक्शन काटे जायें. उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुसार वसूली जरूरी है. इस दौरान एमडी. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनय द्विवेदी, एमडी. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनूप सिंह सहित सभी अधिकारी बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए.



## कांग्रेस को और मजबूत बनाने का संकल्प

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 5 जनवरी. 'बूथ चलो, गाँव चलो' अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में रायसेन जिले के ग्राम तराबली में ग्राम पंचायत कांग्रेस समिति का गठन किया।**

इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर रायसेन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, भोपाल ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अनोखी पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल, प्रदेश प्रवक्ता आनंद जाट, राहुल राज, प्रदेश सचिव विष्णु विश्वकर्मा सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता, ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी, बूथ लेवल एजेंट तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके पश्चात भोजपुर में जीतू पटवारी ने किसानों के साथ हो रहे कथित अन्याय के विरोध में प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 'किसान जन आंदोलन यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में यह यात्रा प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा और सभी ब्लॉकों तक पहुँचेगी.



**प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्ष नितिन से सौजन्य भेंट**

**नईदिल्ली.** दिल्ली स्थित भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं.



## मैनपावर भर्ती समय-सीमा पर पूरी हों

**भोपाल, 5 जनवरी. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सोमवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली.**

बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपकरणों की खरीदी निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो. पीएम-अभीम योजना, 15वें वित्त आयोग की राशि तथा राज्य बजट के प्रावधानों का समयबद्ध और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मैनपावर भर्ती को लेकर विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग और विधि विभाग से निरंतर समन्वय बनाए रखें तथा भर्ती से जुड़े अग्रेषित प्रकरणों पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करें.

## उमरियापान देश की पहली नगर परिषद शहीदों के नाम

**भोपाल, 5 जनवरी. मध्यप्रदेश के कटनी जिले की ढीमरखेड़ा तहसील में नवगठित नगर परिषद उमरियापान ने देश में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल की है।**

उमरियापान देश की पहली ऐसी नगर परिषद बन गई है, जहां सभी 15 वार्डों के नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखे गए हैं। इस संबंध में 31 दिसंबर 2025 को मध्यप्रदेश राजपत्र में विधिवत अधिसूचना प्रकाशित की गई है। कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, वार्डों का नामकरण भारत के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप किया गया है। यह पहल न केवल वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रभक्ति और साहस की भावना जागृत करने का प्रयास भी है। नगर परिषद के वार्डों के नाम मेजर पीरू सिंह, मेजर धन सिंह थापा, मेजर होशियार सिंह, कैप्टन विक्रम बत्रा, सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल, मेजर सोमनाथ शर्मा, मेजर शैतान सिंह, सूबेदार जोगिंदर सिंह, कैप्टन मनोज कुमार पांडे, मेजर रामस्वामी परमेश्वरम, सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे, शहीद अब्दुल हमीद, शहीद अल्बर्ट एक्का, कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया और लांस नायक करम सिंह के नाम पर रखे गए हैं।

## शिवपुरी में उपलब्ध कराई जाएंगी क्रिकेट की सुविधाएं

**शिवपुरी, 05 जनवरी. मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया ने कहा कि शिवपुरी में क्रिकेट की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी.**



सिंधिया शिवपुरी के टूरिस्ट विलेज होटल में बीती रात जिला क्रिकेट एसोसिएशन शिवपुरी की बैठक में सम्मिलित हुए. बैठक में उन्होंने ये बात कही. उन्होंने कहा कि विभिन्न शहरों से अच्छे खिलाड़ियों को तैयार करने और उन्हें खेल में निखारने के लिए आधुनिक सुविधाएं दिया जाना आवश्यक है. सिंधिया कल शाम ग्वालियर से शिवपुरी पहुंचे थे. लगभग 3 घंटे तक शहर के मुख्य मार्ग पर उनका स्वागत कार्यक्रम चला. वे एमपीसीए का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपने पिता एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा क्षेत्र के शिवपुरी जिले में आए थे.

### पेज एक का शेष

## दूषित पेयजल कांड : मृतकों की संख्या 17 पहुंची

रही मौतों और बीमारियों के बाद भी जिम्मेदार विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है. सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसानी ने बताया कि दूषित पेयजल से फैल रही बीमारी के चलते सोमवार को 38 नए मरीज सामने आए हैं. इनमें से 6 को अस्पताल में भर्ती किया है शेष को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया गया है. अब तक इस मामले में 421 मरीज अस्पतालों में भर्ती किए जा चुके हैं, जिनमें से 311 मरीज उपचार के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं. जबकि 142 मरीज शहर के अलग अलग सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती हैं, इनमें से 15 मरीजों की हालत गंभीर होने पर आईसीयू में उपचार किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग की 20 से अधिक टीमें प्रभावित क्षेत्र में लगातार रिंग सर्वे कर रही हैं. निगरानी को प्रभावी बनाने के लिए भागीरथपुरा क्षेत्र को 30 सेक्टरों में विभाजित किया है. अब तक 5 हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है, ताकि नए मरीजों की जल्द पहचान कर समय रहते इलाज सुनिश्चित किया जा सके.






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14